हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024: मतदान प्रतिशत

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा में 15वाँ **विधानसभा आम चुनाव** हुआ, जिसका मतदान **5 अक्तूबर, 2024** को हुआ।

मुख्य बिंदु

- **कुल मतदान प्रतिशत:**
  - हरियाणा में विधानसभा चुनाव में **67.90%** मतदान हुआ।
  - **सर्वाधिक मतदान:** सिरसा ज़िले में **75.36%** मतदान हुआ।
  - **न्यूनतम मतदान:** फरीदाबाद ज़िले में **56.49%** मतदान हुआ।
- **विधानसभा क्षेत्रवार मतदान विश्लेषण:**
  - **सर्वाधिक मतदान:** ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र में **80.61%** मतदान हुआ।
  - **न्यूनतम मतदान:** बड़खल विधानसभा क्षेत्र में **48.27%** मतदान हुआ।
- **मतदान आँकड़े:**
  - **हरियाणा में कुल मतदाता:** 2,03,54,350
  - **मत डाले गए:** 1,38,19,776
    - **पुरुष:** 74,28,124
    - **महिलाएँ:** 63,91,534
    - **तृतीय लिंग मतदाता:** 118
- मतों की गिनती **8 अक्तूबर, 2024** को होगी।

//



राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन से संबंधित भारतीय संविधान के अनुच्छेद:

- **अनुच्छेद 170:** यह अनुच्छेद राज्यों की विधान सभाओं की संरचना के बारे में प्रावधान करता है।
- **अनुच्छेद 171:** यह अनुच्छेद राज्यों की विधान परिषदों की संरचना से संबंधित है।
- **अनुच्छेद 172:** यह अनुच्छेद राज्य विधानमंडलों की अवधि के बारे में बताता है।
- **अनुच्छेद 173:** इसमें विधानसभाओं और परिषदों की सदस्यता के लिये अर्हताओं का विवरण दिया गया है।
- **अनुच्छेद 174:** इस अनुच्छेद में राज्य विधानमंडल के सत्रों के आह्वान और सत्रावसान के बारे में चर्चा की गई है।
- **अनुच्छेद 175:** यह राज्य विधानमंडल में राज्यपाल के अभिभाषण का प्रावधान करता है।
- **अनुच्छेद 212:** इसमें कहा गया है कि विधायिका की कार्यवाही की वैधता पर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-assembly-elections-2024-voter-turnout